हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

11 हड़ताल के बावजूद पहले दिन 6 उपार्जन केंद्रों से 98 क्विंटल धान की खरीदी



12 रथ बनाने वाले ग्रामीणों का शॉल, श्रीफल से सम्मान



# पक्षियों के घोंसले व बसेरों से बिजली पोल में आगजनी की संभावना बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय शहर के बिजली लाइन में पक्षियों का बसेरा होने से जहां आगजनी की संभावना बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर पक्षियों के चलते बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।


साथ ही पक्षियों के चलते बंद बिजली को बहाल करने में बिजली कर्मचारियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ रही है। शहर के कृषि उपज मंडी परिसर, शांतिनगर वार्ड, सनसिटी कालोनी एवं अन्य वार्डों के बिजली लाइन में पक्षियों का बसेरा रहता है। साथ ही बिजली पोल पर चिड़ियों ने अपना घोषला बना लिया है।

बिजली लाइन में चिड़ियों के बसेरा से शार्ट सर्किट होने से लाइन का फीडर से बिजली बंद हो रही है, जिससे इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि हॉल ही में शहर में कबूतर के चलते लाइन शार्ट सर्किट हुई थी। जिससे जहां बिजली बंद हुई और साथ में लाइन के चलते कबूतर एवं अन्य पक्षियों की मौत हो चुकी है।

## पक्षियों के चलते बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

### कई बार लग चुकी है आग

बिजली लाइन में चिड़ियों के घोसलों से कई बार आगजनी हो चुकी है। इससे उपभोक्ताओं का सर्विस तार एवं घर की बिजली लाइन जल जाने से काफी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। इसीलिए उपभोक्ताओं ने बताया कि ऐसे घोसलों को विद्युत कंपनी द्वारा पहुंच कर पोल बने चिड़ियों के घोसलों को हटाया जाए, जिससे घोसलों से संभावित आगजनी को रोकने से रोका जाए।



### हटाएंगे जाएंगे घोंसले

बिजली वितरण कंपनी जगदलपुर शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता यूसुफ करकेट्टा ने इस संबंध में बताया कि पोल में बने पक्षियों के घोसलों को विद्युत लाइन मेंटनेंस के दौरान हटाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बाजार में सब्जियां की बहार, महंगा होने के कारण थाली से दूर मटर



**जगदलपुर।** सर्दियों के सीजन में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली सब्जियों में शामिल हरी मटर ने इस बार महंगाई का नया रिकॉर्ड बना लिया है। नवम्बर माह के दूसरे पखवाड़ा शुरू होने के बाद मटर एवं टमाटर के दरें ज्यादा है, इसका सीधा असर आम परिवारों की रसोई पर पड़ रहा है। लगातार बढ़ते दामों के कारण यह थाली से लगभग गायब हो गई है। बाजार में मटर के दाम 70 से 200 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं, इससे ग्राहकों की जेब पर बोझ डाल रही हैं। व्यापारियों के अनुसार मटर के भाव पिछले साल की तुलना में इन दिनों तीन से चार गुना ज्यादा हैं। वहीं दूसरी ओर आवक कम होने से टमाटर की दरें महंगा हो गया है।

**फसल हुई प्रभावित :** सब्जी व्यापारियों के अनुसार इस बार हुई बारिश ने खेतों में खड़ी मटर की शुरूआती फसल को नुकसान पहुंचाया है। उत्पादन कम होने की वजह से बाजार में आवक घट गई है। व्यापारियों के अनुसार स्थानीय स्तर पर मटर की नई फसल आने में 15 से 20 दिन और लगेंगे, ऐसे में अगले सप्ताह तक कीमतें तेज रहने की आशंका है। बताया जा रहा है कि बारिश से फसल में जलभराव और कीट रोग बढ़ गए हैं, जिससे पैदावार कम हुई। कई खेतों में पौधे ⏭ शेष पेज 10 पर

## विकास कार्य: लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक को मिली सौगात

# सड़कें बनने से परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य व जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- 537.52 लाख के दो सड़क निर्माण कार्य का सांसद व विधायक ने किया भूमिपूजन

लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से आज सांसद महेश कश्यप एवं चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने 537.52 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। यह कदम क्षेत्रीय आवागमन, स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेगा।



ग्राम पंचायत मारडूम में स्वास्थ्य केंद्र से घुमरकोंटा तक 3 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा जिसकी स्वीकृत लागत 277.88 लाख रुपये है। इस सड़क के बन जाने से मरीजों, ग्रामीणों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुँच सुनिश्चित होने से ग्रामीण अंचल में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसी प्रकार ग्राम धुरागांव से दाबपाल तक 3 किमी सड़क के निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया,जिसकी लागत 259.64 लाख रुपये निर्धारित की गई है। यह मार्ग धुरागांव क्षेत्र को दाबपाल समेत आसपास के ग्रामों से मजबूत सड़क संपर्क प्रदान करेगा, जिससे स्थानीय उत्पादों के परिवहन में सुगमता आएगी और आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

सांसद ने कहा कि ये सड़कें ग्रामीण जीवन की धड़कन हैं। इनके पूर्ण होने से परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य व दैनिक जीवन की सभी आवश्यकताओं में ग्रामीणों को अत्यधिक सुविधा मिलेगी। विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुँचाना हमारा ध्येय है। यह सड़कें न केवल यात्राओं को सुगम बनाएंगी,बल्कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र की उन्नति की नई दिशा भी तय करेंगी।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप,जनपद सदस्य दशमी कश्यप, मंगतुराम कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल,नरेश खापड़े,मोतीलाल कश्यप,रैमती कश्यप, सरपंच भरत कश्यप,शिवनंदन पेगड़,जलनधर कश्यप,कमलु करठाम,लिबरू कश्यप,दामुधर कश्यप सहित सीइओ, एसडीओ, विभागीय अधिकारी,जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 350 बोरी अवैध धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। इसी बीच जिला प्रशासन अवैध धान के भंडारण और परिवहन पर विशेष सतर्कता बरत रहा है। बीजापुर जिला महाराष्ट्र और तेलंगाना की सीमाओं से घिरा होने के कारण, अन्य राज्यों से अवैध धान के प्रवेश की संभावना को देखते हुए सभी अंतरराज्यीय चेक पोस्टों पर 24 घंटे निगरानी हेतु कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

इसी सघन जांच अभियान के तहत भैरमगढ़ के एक कॉम्प्लेक्स में निवासी राशि रमन पटेल एवं राजा मिश्रा के कब्जे से करीब 350 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार भैरमगढ़, फूड इंस्पेक्टर और मंडी निरीक्षक मौके पर मौजूद रहे। धान की जांच कर उसे प्रशासन ने अपने कब्जे में लिया और नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी के इस महत्वपूर्ण काल में अवैध धान के लेनदेन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

# राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में बस्तर जोन की शानदार उपलब्धि



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बस्तर जोन से 45 छात्र-छात्राओं का दल प्रदर्शनी में हुआ शामिल

जशपुर में आयोजित पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी पूरे प्रदेश के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इस आयोजन में राज्य के सभी जोन से सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने विविध विज्ञान परियोजनाओं के साथ भाग लिया। बस्तर जोन के प्रतिभागियों ने इस प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार की क्षमता और परिश्रम से सबका ध्यान आकर्षित किया। उनके शानदार प्रदर्शन ने जिले का मान बढ़ाने के साथ-साथ यह साबित किया कि बस्तर के विद्यार्थी विज्ञान के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयां छू रहे हैं।

### ये रहे विजेता

बस्तर जोन से 45 छात्र-छात्राओं का दल इस प्रदर्शनी में शामिल हुआ, जिसमें से 7 प्रतिभागियों ने विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कीं। बस्तर जिले के तीन विद्यार्थी आशुतोष शुक्ला, कैलाश नायक और दिशा मार्कण्डेय ने अपने-अपने वर्गों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विज्ञान क्लब वर्ग में आशुतोष शुक्ला ने प्रथम, उभरती प्रौद्योगिकी वर्ग में कैलाश नायक ने प्रथम, वहीं सीडब्लूएसएन वर्ग में दिशा मार्कण्डेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों ने बस्तर जोन के दल को राज्य स्तर पर विशेष पहचान दिलाई।



## तमिलनाडु पुलिस, डीएफए बस्तर और चक्रधरपुर ने जीते अपने मैच

- 3 मैच खेले गए जिसमें झारखंड ने पंजाब को 7-2 से हराया

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय फुटबाल टूनार्मेंट में आज का पहला मैच एनएफसी बचेली और तमिलनाडु पुलिस के बीच खेला गया । जिसमें तमिलनाडु की टीम दो शून्य से विजय रही। पहला गोल 35 वें मिनट में बाला मुर्गन ने किया। दूसरा गोल 86 मिनट में करीमुल्ला ने किया। मैच के मुख्य निर्णायक अजीत आलम, दीपक संतोष गाली और ऑफिशल प्रफुल्ल थे। दूसरा मैच विशाखापट्नम और डीएफए बस्तर के बीच खेला गया। डीएफए बस्तर 2 -1 से विजय रही। विशाखापट्नम की तरफ से पहला गोल 4थे मिनट में लियो ने किया। बस्तर की और से 44वें मिनट में अमित तथा 51वें मिनट में जयराम ने किया। तीसरा मैच पंजाब और चक्रधरपुर झारखंड के बीच खेला गया जिसमें झारखंड 7-2 से विजयी रही। झारखंड की तरफ से दूसरे मिनट में बनिया, पंजाब की ओर से ⏭ शेष पेज 10 पर

## दोषियों पर कार्रवाई की कांग्रेस ने की मांग

# बीजापुर में स्वास्थ्य सेवा वेंटीलेटर पर घटना को शासन दबाने में लगी: मंडावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- कांग्रेस का जांच दल तर्रेम इलमिडी और तिम्मापुर पहुंचकर पीड़ितों के परिजनों से मिला

कांग्रेस की 6 सदस्य जांच समिति ने मोतियाबिंद ऑपरेशन से पीड़ित मरीज के परिजनों से तर्रेम, इलमिडी और तिम्मापुर उनके घर जाकर मुलाकात की। जांच दल की संयोजक विधायक सावित्री मंडावी नें प्रेस वार्ता में सरकार पर निशाना साधते कहा कि बीजापुर स्वास्थ्य सेवा वेंटीलेटर में है।



बीजापुर जिला अस्पताल में लापरवाहीपूर्वक मोतियाबिंद आपरेशन करने के बाद इस घटना को राज्य शासन दबाने में लगी है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने जांच टीम बनाई। 6 सदस्य जांच दल भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, विधायक विक्रम मंडावी, पूर्व विधायक चंदन कश्यप, जिला अध्यक्ष लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़यिम तथा नीना रावतिया उद्दे मोतियाबिंद ऑपरेशन से पीड़ति मरीजों के परीजनों से मिलने तर्रेम, इलमिडी और तिम्मापुर गांव पहुंचे।

तिम्मापुर की पीड़ति अवलाम पोज्जे के पुत्र राजू अवलम नें बताया कि ऑपरेशन होने के बाद से ही मां को सिर में तेज दर्द होने लगा था, आँखों में सूजन होनें और तकलीफ बढ़ता देख बासागुड़ा स्वास्थ्य केंद्र में दिखाया गया। वहां से बीजापुर जिला अस्पताल ले जाने कह दिया गया। एक और पीड़ति डोग्गा अवलम तररेम निवासी के बेटे सोना अवलाम नें बताया की 25 अक्टूबर को जिन लोगों के आंखों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था। स्वास्थ्य विभाग की टीम पता करते हुए घर पहुंची और हम लोगों को बिना बताए पिताजी को गाड़ी में बिठाकर सीधे बीजापुर जिला अस्पताल ले आए हम लोग पूछते रहे कहां ले जा रहे हो मगर किसी ने कोई जवाब नहीं ⏭ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### बाल मेले में बच्चों की दिखी सृजनात्मक प्रतिभा

**दुर्गूकोंदल ।** माध्यमिक शाला कोड़ेकुर्सी में बाल दिवस के बाल मेले का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में टीमवर्क, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। साथ ही बच्चों की सृजनात्मकता और कल्पनाशक्ति को खुलकर अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान किया गया। बच्चों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अभिभावकों, ग्रामीणों और विद्यालय परिवार ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और कार्यक्रम की सराहना किया।

### देशी शराब जब्त कोचिया पकड़ाया

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कालागांव मे छिंदगांव निवासी रंजित दुग्गा ग्राम कालागांव के प्रकाश जैन के खेत लाड़ी के सामने अवैध रूप से देशी महुआ शराब बिक्री कर रहा है और ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किए। शराब पीने वाले पुलिस को देखकर भाग गए, एक व्यक्ति को पकड़े जिसका नाम पता पूछने पर रंजित दुग्गा पिता स्व. भिखुराम दुग्गा उम्र 45 वर्ष निवासी छिंदगांव पुलिस चौकी दमकसा बताया जिसके पास से एक 2 से ढाई लीटर वाला पीला रंग के जरकीन में 02 लीटर हाथ भट्टी से बना हुआ देशी महुआ शराब मिला है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### रस्साकस्सी में दुर्गूकोदल की महिला टीम दूसरे स्थान पर

**दुर्गूकोंदल।** बस्तर ओलंपिक 2025 के तहत आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विकासखंड दुर्गूकोदल की सीनियर महिला वर्ग की रस्साकस्सी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला टीम में रीता वस्त्रकार, सरिता यादव बंगोमा, रानी चक्रवर्ती, सुनीता ध्रुव, इंदिरा नरेटी, पूर्णिमा, रीना, रेखा, कन्या देवी, सुनीता धुव और संजीव नरेटी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। टीम ने पूरे जोश और एकजुटता के साथ खेलते हुए अन्य मजबूत टीमों का सामना किया और कड़े मुकाबले के बाद दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया।

### बोटेचांग में बाल दिवस पर बाल आनंद मेला आयोजित

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोटेचांग में बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य बाल आनंद मेला का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक आरके मालेकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में बच्चों द्वारा विविध व्यंजन, हस्तनिर्मित वस्तुएँ, रचनात्मक प्रदर्शनी एवं छोटे-छोटे व्यापारिक स्टॉल लगाए गए, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता तथा उद्यमशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ग्रामवासी भी उपस्थित हुए और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को व्यापार, लेन-देन, प्रबंधन, सहयोग एवं व्यवहारिक जीवन कौशल से संबंधित महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुआ।

# पीढ़ापाल-पिटीसपाल सड़क अब तक अधर में, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बडेराजपुर ब्लॉक अंतर्गत पीढ़ापाल से पिटीसपाल मार्ग का प्रस्ताव वर्ष 2022–23 के बजट में शामिल किया गया था, लेकिन दो वर्ष बीतने के बाद भी स्वीकृति नहीं मिलने से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। बदहाल मार्ग से जनजीवन प्रभावित स्थानिय ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग लंबे समय से जर्जर है। पीढ़ापाल की सरपंच अनिता शोरी ने बताया कि स्कूल, अस्पताल और बाज़ार तक पहुँचने में ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दौरान यह सड़क कीचड़ में बदल जाती है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है।



### जनहित का मुद्दा त्वरित हस्तक्षेप की आवश्यकता

लंबे समय से अटके इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य पर ग्रामीणों ने सरकार से तत्काल निर्णय लेने की मांग की है, ताकि दैनिक यात्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार प्रभावित न हों।

ग्रामीण – ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क को बजट में शामिल किए जाने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर फाइल स्वीकृति के लिए अटकी हुई है। इससे लोगों में सरकार एवं प्रशासन के प्रति असंतोष गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, चेताया आंदोलन से सड़क निर्माण की मांग को लेकर सरपंच अनिता शोरी, सरपंच प्रतिनिधि मन्नूराम शोरी, वार्ड पंच रोमेश नेताम, राजेश मरकाम, परदेशी नेताम, सहानु मरकाम, सोनाऊ मरकाम, बंदु मरकाम, घसिया मरकाम और पुरुषोत्तम मरकाम सहित अनेक ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो वे आंदोलन का सहारा लेने को बाध्य होंगे।

### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरुक करना था कार्यक्रम का उद्देश्य

# मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं मेंटरिंग कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

■ गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में सफल आयोजन

शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में 14 नवम्बर 2025 को विद्यार्थी सहायता मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं परामर्श से जुड़ा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने, सकारात्मक सोच अपनाने तथा तनाव रहित अध्ययन वातावरण विकसित करने की प्रेरणा दी।



स्वास्थ्य विभाग, कोंडागांव से पधारे विशेषज्ञों साइकेट्रिक सोशल वर्कर वीरेंद्र केला, साइकेट्रिक नर्स डॉ. दिव्यांशु चौधरी फिजियोथेरापिस्ट कमलेश देवांगन ने मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण, समाधान, काउंसलिंग की भूमिका, अध्ययन से जुड़े तनाव प्रबंधन तथा स्वस्थ जीवनशैली की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

### प्रकोष्ठ की टीम की भूमिका रही महत्वपूर्ण

कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी सहायता मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ की टीम द्वारा किया गया। टीम में शामिल समन्वयक डॉ. अल्का शुक्ला, सह–समन्वयक हुमन राम यदु, सदस्य डॉ. पुरोहित कुमार सोरी, सदस्य समलेश पोटाई, सदस्य श्रीमती नेहा बंजारे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### विद्यार्थियों की रही उत्साहपूर्ण सहभागिता

कार्यक्रम में एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। अंत में प्रकोष्ठ की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन, परीक्षा संबंधी तनाव कम करने तथा सकारात्मक अध्ययन वातावरण निर्माण की दिशा में महाविद्यालय का सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ।



# वन भोजनम में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बस्तर आंध्र समाज ने किया स्वागत

बस्तर आंध्र समाज ने रविवार को लामनी पार्क में कार्तिक मास वन भोजनम कार्यक्रम किया । जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। तेलगु समाज अध्यक्ष एम जयंत राव नायडू, सचिव यशवर्धन राव, सुब्बाराव एवं पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया । प्रकृति के बीच सामूहिक भोजन कर लोकपरंपराओं का निर्वहन किया जाता है। किरण देव ने कहा कि बस्तर आंध्र समाज ने क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आंवला वृक्ष पूजन कर बस्तर एवं समूचे प्रदेश की उन्नति,शांति और समृद्धि की कामना की। आंध्र समाज की विशिष्ट परंपराओं से जुड़े इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं, वरिष्ठजन और युवा शामिल हुए।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान महापौर संजय पांडे, अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, मनोहर तिवारी, दिंगबर राव, वीरराजू, राजरत्नम,अशोक नायडू, बसंत राव,कोटेश्वर राव,शिवाजी राव सहित आंध्र समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली विस्फोट में जान गंवाने वालों को कोंडागांव में दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

दिल्ली विस्फोट में दिवंगत हुए लोगों को कोंडागांव के घड़ी चौक में भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बस्तर विकास एवं सेवा संस्था के अध्यक्ष सिद्धार्थ महाजन, संस्था पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, समाजसेवी, आमजन और मीडियाकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियाँ जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिजनों के लिए सांत्वना व्यक्त की। संस्था अध्यक्ष सिद्धार्थ महाजन और पदाधिकारियों ने कहा कि यह दर्दनाक घटना केवल कुछ परिवारों का नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज का दुख है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



# दुर्घटना ने छीनी रफ्तार, सड़क दुर्घटना में चाचा-भतीजा हुए दिव्यांग, मदद की आशा

**कांकेर।** कांकेर जिले के ग्राम हेतले के सुरेश दर्रो और उनके भतीजे योगेश दर्रो सड़क दुर्घटना में एक पैर गंवाने के बाद जीवनभर के लिए दिव्यांग हो गए, लेकिन हादसे के बाद ट्रैक्टर मालिक से लेकर प्रशासन तक किसी ने उनकी सुध नहीं ली। दोनों पीड़ित अब बांस की बैसाखी के सहारे जीवन-यापन कर रहे हैं और गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। पीड़ा से भरे इन दोनों ने विधायक विक्रम उसेंडी के सामने अपनी व्यथा सुनाई, जिसके बाद विधायक ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार, 2 जुलाई को सुरेश दर्रो और उनका भतीजा योगेश मोटरसाइकिल से भानुप्रतापपुर से ग्राम हेतले लौट रहे थे। इसी दौरान नशे में धुत एक ट्रैक्टर चालक ने विपरीत दिशा से आकर उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों के दाहिने पैर बुरी तरह कुचल गए। इलाज के दौरान दोनों का एक-एक पैर काटना पड़ा। 35 वर्षीय सुरेश दर्रो विवाहित हैं और परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर है, लेकिन अब वे मजदूरी करने में पूरी तरह असमर्थ हैं।

# कोकानपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

ग्राम पंचायत कोकानपुर में आदिवासी, वनवासी समाज के अस्मिता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उनकी छाया चित्र पर फूल, माला व दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। ग्राम पटेल एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष माखन मंडावी ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी, वनवासी समाज के संस्कृति व परंपराओं के संरक्षण, अधिकारों की रक्षा की खातिर अंग्रेजी हुकूमत से डट कर मुकाबला किया। उनकी पराक्रम और देशभक्ति का जज्बा आज भी हर दिल में क्रांति की ज्वाला जलाए रखता है। आज उनकी 150वीं जयंती पर हम सभी उन्हें कोटि कोटि नमन करते हैं।



कार्यक्रम में सरपंच कली राम उयके, उपसरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, ग्राम सभा अध्यक्ष लता टेकाम, पंचजन सूरज मंडावी, उर्मिला कैमरों, रेखा पिदा, पदमा नाग, पुर्णिमा साहु, पारसमढ़ी जैन, सहदेव मतलाम, ग्रामीण में टाकेश धनकर, हरबंस दरो, कामता यदु, विद्या साहु, विद्या निषाद, कांति साहु, मुन्ना यदु, रिंकू वर्मा, सालिक राम अलनिया, मंगलू गायकवाड आदि उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### बाजार में सब्जियां ...

सड़ गए, जिन क्षेत्रों में फसल बची भी है वहां दाना छोटा और हल्का है।

**टमाटर 50 रुपए किलो में बिका :** इस रविवार को बाजार में टमाटर 50, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी 20 रूपए में 8 जूड़ी एवं मैथी 20 रुपए में 4 जूड़ी बिक रही है।

### तमिलनाडु पुलिस, डीएफए...

5वें मिनट में मोहित ने किया । चक्रधरपुर टीम के खिलाड़ी ने 73 वें मिनट में एचडी अयान ने गोल किया 84वें मिनट में मोर के द्वारा गोल किया गया। 90 + 2 मिनट में पंजाब की तरफ से गुरवीर सिंह के द्वारा गोल किया गया। तीसरे मैच के मुख्य निर्णायक संतान अग्रवाल, चंद्रशेखर ठाकुर, नीतीश एकका, ऑफिशल संतोष गाली और पूरे टूनार्मेंट के मैच कमिश्नर विश्वजीत भट्टाचार्य थे।

### बीजापुर में स्वास्थ्य सेवा...

दिया। जब हम सब परिवार मिलकर बीजापुर जिला अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि जिन लोगों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ है सभी को रायपुर ले लेकर चल दिये है। बीजापुर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हमें अब तक किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई।

**जबरन रायपुर ले गए, परिवार को नहीं दे रहे मिलने :** प्रेस वार्ता में जांच कमेटी की संयोजक तथा भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीजों को 23 अक्टूबर को जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया। 24 अक्टूबर को ऑपरेशन किया गया। इसके बाद 25 अक्टूबर को मरीजों को वापस घर भेज दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में उनके परिजनों को जानकारी तक नहीं दी गई और आज तक किसी परिवारजन को मरीजों से मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस तरह मोतियाबिंद ऑपरेशन में घोर अनियमितता बरती गई।

**डबल इंजन की सरकार बस्तर में फेल :** सावित्री मंडावी ने कहा, ऑपरेशन के बाद मरीजों की उचित देखभाल नहीं की गई तथा उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया जिसके कारण 9 मरीजों की आंखों में संक्रमण हो गया। संक्रमण बढ़ने पर मरीजों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल रायपुर रेफर कर दिया वहां उनका इलाज अभी जारी है।

**जांच दल चुपके से आया और चला गया :** विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बीजापुर जिले में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं। इतनी बड़ी घटना हो जाती है और किसी को पता तक नहीं चलता। जिले के लोगों की स्वास्थ्य की चिंता न सरकार को है और न ही प्रशासन को। शासन स्तर पर तीन सदस्यीय जांच दल चुपके से बीजापुर आता है और चला जाता है, लेकिन अभी तक किसी ने इस घटना को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है।

**दोषियों पर कार्रवाई हो :** मोतियाबिंद ऑपरेशन में हुई लापरवाही की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग कांग्रेस जांच दल ने की है। जांच दल के साथ प्रवक्ता ज्योति कुमार, जिला पंचायत सदस्य लच्छू राम मौर्य, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, ब्लॉक कांग्रेस उसूर के अध्यक्ष मनोज अवलम, नगर अध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री और पूर्व नगर उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### धान खरीदी करने दिया गया प्रशिक्षण

**बीजापुर।** धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में सहायक समिति प्रबंधकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रबंधकों और ऑपरेटरों को धान खरीदी से संबंधित सभी तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें यह निर्देशित किया गया कि उपार्जन केंद्रों में आने वाले किसानों के धान की नमी जांच कर टोकन जारी करें, धान को फड़ में प्रवेश देने के बाद गुणवत्ता परीक्षण अनिवार्य रूप से करें तथा खरीदी की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन दर्ज करें।

### स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का किया आकलन

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर मैलावाड़ा तथा बहुत बड़े बचेली में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के लिए विशेषज्ञ दल द्वारा विस्तृत मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों, प्रक्रियाओं और रोगी संतुष्टि का परीक्षण करना रहा। टीम ने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, प्रसूति व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, दवा उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण, आपातकालीन तैयारी, स्वच्छता व्यवस्था, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता जैसे सभी प्रमुख बिंदुओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

## निधन

### शारदा आचार्य

**जगदलपुर।** प्रातः 7 बजे धरमपुरा निवासी शारदा आचार्य 72 वर्ष का हार्ट अटैक से निधन हो गया । परिजन के अनुसार विगत एक माह से उनका इलाज अपोलो अस्पताल हैदराबाद से चल रहा था। उनकी अंतिम यात्रा कल 17 नवंबर को प्रातः 9 बजे धरमपुरा निवास से निकलेगी।

# हड़ताल के बावजूद पहले दिन 6 उपार्जन केंद्रों से 98 क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

खरीफ विपणन वर्ष के लिए जिले में धान खरीदी का शुभारंभ सफलतापूर्वक हो गया। जहां पहले ही दिन 6 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 98 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई। जिले में कुल 30 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं और 24 सहकारी समितियां इस प्रक्रिया में शामिल हैं।

सहकारी समितियों के कर्मचारी और ऑपरेटर हड़ताल पर होने के बावजूद, जिला प्रशासन ने धान खरीदी प्रक्रिया को बाधित नहीं होने दिया। प्रशासन ने खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, सहकारी संस्थाओं तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों को

## खरीदी के लिए 30 उपार्जन केंद्र किए गए स्थापित



### धान खरीदी के दौरान अवकाश पर रोक

बीजापुर । छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खरीफ विपणन के लिए धान खरीदी व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने हेतु जारी आदेश अब बीजापुर जिले में भी प्रभावी हो गया है। राज्य शासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि 15 नवंबर से 31 जनवरी तक चलने वाली धान खरीदी अवधि में संविदा कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। गृह विभाग, सी-अनुभाग द्वारा जारी इस महत्वपूर्ण आदेश में कहा गया है कि धान खरीदी जैसे संवेदनशील और प्राथमिकता वाले कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसलिए इस अवधि में कर्मचारियों द्वारा अवकाश लेने या कार्य से इंकार करने की अनुमति नहीं होगी।

उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रभारी के रूप में नियुक्त कर खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया। सभी उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराया गया है जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन ने आवश्यक संसाधन, स्टाफ और व्यवस्था सुनिश्चित की है ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो और किसान आसानी से अपना धान बेच सकें।

प्रशासन ने बताया है कि किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और खरीदी केंद्रों की निगरानी निरंतर जारी रहेगी ताकि व्यवस्था पूरी तरह सुचारू बनी रहे।

## उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया जन जातीय गौरव दिवस

# जनजातीय वीर वीरांगनाओं के शौर्य और बलिदान के लिए सदैव ऋणी रहेगा देश : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में जन जातीय गौरव दिवस आज अत्यंत उत्साह, सम्मान और गरिमामय वातावरण में जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण, मेंढ़क डोबरा परिसर में भव्य रूप से आयोजित

- वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जिले को दी दो एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की सौगात
- जननायक बिरसा मुंडा का जीवन संदेश भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय

किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, नगर पालिका एवं जनपद पंचायत पदाधिकारियों तथा जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जन जातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए दिए गए वर्चुअल संदेश का सीधा प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी



देशवासियों एवं विशेष रूप से जनजातीय समाज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिला मुख्यालय में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, ग्रामीणों तथा बड़ी संख्या में पहुंचे स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को अत्यंत उत्साह के साथ सुना। इसी वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुआकोंडा का शिलान्यास भी किया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम के अवसर पर विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि आज हम सभी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर जन जातीय गौरव दिवस बड़े ही सम्मान और गर्व के साथ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्ति नहीं थे, बल्कि पूरे भारत और विशेषकर जनजातीय समाज के लिए एक युग, एक चेतना और एक क्रांति थे। बिरसा मुंडा ने अपने अल्प जीवन में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वह संघर्ष किया, जिसने उन्हें धरती आबा धरती के पिता का स्थान दिया।

विधायक ने कहा कि बिरसा मुंडा ने शोषण और अन्याय के विरुद्ध आदिवासी समाज को संगठित किया, अपने असाधारण नेतृत्व से 'उलगुलान' अर्थात महान क्रांति का बिगुल फूंका और गरीबों, किसानों एवं वनवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि भारत देश की आजादी और सामाजिक न्याय की लड़ाई में अनेक क्रांतिकारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है, और उनमें बिरसा मुंडा का स्थान सर्वोपरि है। महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं उपाध्यक्ष अरविंद कुजांम द्वारा भी जननायक भगवान बिरसा मुंडा के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए भावी पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर विविध जनजातीय लोक नृत्यों कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी गईं। जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए नृत्य दलों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर आकर्षक प्रदर्शन कर कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। लोक नृत्यों प्रस्तुतियों के मूल्यांकन उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों का चयन किया गया, जिन्हें आगामी अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय जन जातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस गरिमामय अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, अन्य जनप्रतिनिधि कमला विनय नाग, संतोष गुप्ता, सर्व समाज प्रमुख, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, आदिवासी आयुक्त राजीव नाग, सहित जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### जनजातीय समाज का योगदान अतुलनीय

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि "आज हम सभी प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुन रहे थे, जिसमें उन्होंने आदिवासी समाज के अमूल्य योगदान, संस्कृति और परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। हमारे देश के इतिहास को समृद्ध बनाने में जनजातीय समाज का योगदान अतुलनीय है और इस गौरव को सम्मान देने के लिए ही यह दिवस समर्पित है।

# छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की व्यवस्था देश में सर्वश्रेष्ठः साय



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा धान खरीदी की प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के सुचारू रूप से चलेगी।

पूरे देश में सबसे अच्छी व्यवस्था धान खरीदी की छत्तीसगढ़ में है। इसमें किसी प्रकार का अवरोध नहीं होगा। आज से पूरे राज्य में धान खरीदी का शुभारंभ हो रहा है। हड़ताल भी समाप्त होगी और किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

- किसी भी किसान को नहीं होगी दिक्कत

उन्होंने कहा कि यह वह दिन है जब आदिवासी समुदाय की परंपराओं, योगदान और गौरव की स्मृतियों को पूरे देश में सम्मान मिलता है। 20 नवंबर को इस समारोह का राज्य स्तरीय समापन अंबिकापुर, सरगुजा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से होगा।

मुख्यमंत्री कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित है। छत्तीसगढ़ के 6000 से अधिक गांव विशेष योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया देश में 4000 किमी सड़क बन रही है, जिसमें 2000 किमी से अधिक छत्तीसगढ़ में है। 32,000 आवास स्वीकृत हैं और दो लाख रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। सरकार खेल, पर्यटन, संस्कृति और तेंदूपत्ता मूल्य वृद्धि जैसे क्षेत्रों से भी जनजातीय समुदाय को जोड़ने प्रयासरत है।

# सरकार अन्नदाताओं की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के पल्ली धान खरीदी केंद्र में वन मंत्री केदार कश्यप ने धान खरीदी का पूजा अर्चना कर औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान किसान भाईयों को

- वन मंत्री ने पल्ली धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण और शुभारंभ

शुभकामनाएं दी। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने केंद्र में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं तौल कांटा, भंडारण व्यवस्था, किसान पंजीयन, गुणवत्ता परीक्षण, पंजीकृत किसानों की बारदाना की उपलब्धता और सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को बिना किसी परेशानी के धान विक्रय की प्रक्रिया पूरी कराई जाए तथा पारदर्शिता बनाए रखी जाए। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के





मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन सरकार अन्नदाताओं की समृद्धि हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को उनके धान फसल उत्पादन के विक्रय करने के टोकन की तिथि में उपस्थित होकर केंद्र में धान को बेचने की अपील की। केंद्र के संबंधित अधिकारियों को धान बेचने वाले किसानों की सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ केएस ध्रुव, जिला खाद्य अधिकारी, सहकारिता विभाग के अधिकारी तथा अन्य उपस्थित रहे।



## सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण

**बस्तर।** सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने बस्तर ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण कर बैठक लिया। सालेमेटा में संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक अजय नायक,व डमरूधर पन्त की उपस्थिति में समस्त उपस्थित संकुल स्तर के शिक्षक एवम संकुल समन्वयकों की बैठक लिया गया। जिसमे अपार आई डी की अतिशीघ्र प्रगति के निर्देश,जाति प्रमाणपत्र की प्रगति,आधार शिविर पर चर्चा,हाई स्कूल एवम हायर सेकेंड्री स्कूल के तिमाही परीक्षा के मूल्यांकन पर चर्चा, मध्यान्ह भोजन के गुणवत्ता की स्तिथि, विनोबा ऐप पर प्रतिदिन उपस्थिति, शिक्षकों की समय पर शाला में उपस्थिति, शिक्षक दैनिदिनी का प्रतिदिन संधारण आदि के दिशा निर्देश दिया गया ।इसके पश्चात अगले क्रम में संकुल सोरगांव,सालेमेटा व पखना कोंगरा संकुल की विभिन्न प्राथमिक,माध्यमिक व हाइस्कूल व हायर सेकंडरी शालाओ में भी दस्तक देते हुए गहन निरीक्षण किया गया। जिसमें बच्चों की नियमित उपस्थिति,शिक्षक की नियमित उपस्थिति,डेली डायरी का नियमित संधारण, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता,आधार सुधार की कार्यवाही व अपार आई डी के पंजीयन की गहन समीक्षा भी की गई।

# सहायक पर्यवेक्षण कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने में होता है मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

महिला बाल विकास विभाग, यूनिसेफ और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी के तकनीकी सहयोग से छत्तीसगढ़ के 7 जिलों में परवरिश के चैंपियन कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास

- परवरिश के चैम्पियन कार्यक्रम के तहत संवेदनशील पालकत्व पर प्रशिक्षण

को दृष्टिगत रखते हुए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर पालकों की संवेदनशील परवरिश पर समझ विकसित करना है। इसी परिप्रिक्षेय में यूनिसेफ और महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिला पंचायत सभा कक्ष जगदलपुर में सभी जिलों के डीपीओ व सीडीपीओ का परवरिश के चैम्पियन एवं सहायक पर्यवेक्षण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ की कंसल्टेंट गार्गी परदेशी, विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी के राज्य प्रोग्राम मैनेजर रविंद्र यादव, जिला समन्वयकगण अंजली बघेल, योगेन्द्र जैन,



जगत मल्होत्रा और मोहन कोड़ी सहित सभी जिलों के डीपीओ व सीडीपीओ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर यूनिसेफ से गार्गी परदेशी ने कहा कि माता-पिता बच्चे के पहले शिक्षक होते हैं। संवेदनशील पालकत्व सिखाता कि माता पिता व परिवार के सभी सदस्यों को खासकर शुरुआती कुछ वर्षों में बच्चें के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। बच्चों के समग्र विकास के लिए पालकों को संवेदनशील एवं जागरुक बनाने की पहल बेहद जरुरी है।

उन्होंने बताया की किसी भी कार्यक्रम की सफलता में सहायक पर्यवेक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सहायक पर्यवेक्षण प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में कार्यरत अमले के व्यवहार परिवर्तन और संवेदनशील बनाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है, कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने में मददगार साबित होता है । यह एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में बढ़ने में सहयोग करता है। इसलिए सहायक पर्यवेक्षण जैसे नवीन विषय पर पूरी समझ बनाकर आगे बढ़ने की जरुरत है।

अंत में विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाईटी से राज्य समन्वयक रविन्द्र यादव ने सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण में साझा की गई जानकारी निश्चित रूप से कार्यक्रम के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण होगा।

# धान खरीदी प्रक्रिया को किसानों के हित में पारदर्शी सुगम बनाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री की किसान हितैषी मंशा के अनुरूप आज से धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिले के मुख्य उपार्जन केंद्र दंतेवाड़ा

- धान उपार्जन केन्द्रों का विधायक और कलेक्टर ने किया निरीक्षण

में विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर ओर अन्य अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस वर्ष धान खरीदी को और अधिक पारदर्शी, सुगम और



तकनीकी रूप से मजबूत बनाया गया है।

इस क्रम में कृषकों को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि राज्य सरकार पंजीकृत किसानों से धान खरीदने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इसके लिए शासन द्वारा सभी तैयारियां पहले से कर ली गई हैं। उन्होंने किसानों से धान बिक्री हेतु पूरी तैयारी कर साफ-सुथरा, अच्छी गुणवत्ता वाला धान उपार्जन केंद्रों तक लाने की अपील की, ताकि गांव और जिले का नाम गौरवान्वित हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि खराब, धूल-मिट्टी मिश्रित धान उपार्जन केंद्रों में बिल्कुल न लाया जाए।

जिले के सभी 15 उपार्जन केंद्रों में छाया, पानी, शौचालय और अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश प्रशासन को दिए गए हैं, ताकि किसी भी किसान को असुविधा न हो। इस वर्ष दंतेवाड़ा में 13,000 से अधिक किसानों ने धान खरीदी हेतु पंजीयन कराया है, जिनके लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार पंजीकृत किसानों से धान खरीदी बायोमेट्रिक पद्धति से की जाएगी ताकि पारदर्शिता बनी रहे। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस वर्ष किसानों की सुविधा के लिए 'टोकन तुंहर हाथ' एप के माध्यम से टोकन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार पतला धान 2389 रुपए प्रति क्विंटल, मोटा धान 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा, तथा कृषक सहायता राशि जोड़कर धान खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदा जाएगा। धान खरीदी के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है और किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए संपूर्ण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारी सहित कृषकगण उपस्थित थे।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलीटेक्निक में मनाया गया जनजाति गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलीटेक्निक द्वारा जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व जनजातीय महानायक के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। राज्यगीत के गान के साथ इस कार्यक्रम को शुरू किया गया। कार्यशाला अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे रंगोली, संगोष्ठी, चित्रकला, भाषण आदि। समन्वयक एवम सह समन्वयक द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य बताया गया। प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर द्वारा जनजाति समाज की कई ऐतिहासिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक घटनाओं से परिचय कराया गया। कई जनजातीय वीरों तथा वीरांगनाओं की



याद दिलाते हुए उनके यशगान कराया गया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बोमडा राम कवासी सर्व संघ प्रमुख बस्तर संभाग द्वारा आदिवासी समाज की ऐतिहासिक तथा पारंपरिक बारीकियों पर प्रकाश डाला गया। कवासी ने जावांगा एजुकेशन सिटी के निर्माण से संबंधित बातों को साझा किए, जिसमे मुख्य रूप से सिंगापुर दौरे से मिले जानकारी के अनुरूप जावांगा को बनाना चाहा। विदेश दौरे कर आदिवासी समुदाय से जुड़ने, बस्तर की परंपरा को विदेशों से साझा करने की बात कही। विदेश दौरों में कवासी ने मलेशिया, वियतनाम व फ्रांस के अनुभव को विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को एक बार हार कर पुनः खड़े होने। जीत के लिये अडिग रहने आदिवासी परंपरा को जीवित रखने जैसे कई मूल्यों को बताया।

## खबर संक्षेप

### इंटीग्रेटेड योग विज्ञान शिविर का शुभारंभ



**गीदम।** पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय इंटीग्रेटेड योग विज्ञान शिविर का शुभारंभ नगरवासियों की उपस्थिति में भारत माता की आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर पूरा गीदम नगर योगमय हो उठा। यह शिविर 16 नवंबर से 20 नवंबर तक प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:00 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम प्रांगण में आयोजित होगा। समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनकल्याणकारी आयोजन का लाभ उठाएं और इसे सफल बनाएं। इस इंटीग्रेटेड योग विज्ञान शिविर में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस



**गीदम।** वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा गीदम में प्राचार्य डॉ विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विजय बेसरा थे। उन्होंने जनजाति समाज के लोकनायको एवं रीति रिवाज परंपरा के बारे में विस्तार से बताया। डॉ विवेक शर्मा प्राचार्य ने भी जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत के बारे में प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने जनजाति पारंपरिक वेशभूषा एवं नृत्य से कार्यक्रम को बांधे रखा। इस कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार यादव ने किया। साथ ही कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्र कुमार माहला, सहसंयोजक सुशांत ठाकुर, हरीशंकर साहू, संतोष लाटकर, मुकेश सर्वा, भागीरथी, संजय सेवता, उत्तम साहू, प्रज्ञा, पल्लवी भारती, प्रीथा, सम्राट चौधरी समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित शामिल हुए।

### ग्रामीणों को दिलाई नशा न करने की शपथ

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव ब्लाक बकावंड के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत उलनार के पंचायत भवन में किया। कैंप के उदघाटन में निर्मला कश्यप जनपद सदस्य मधुसूदन नेताम, सरपंच बालिता कश्यप, उप सरपंच एवं अनेक पंच उपस्थित थे। प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं स्वामी विवेकानंद की पूजन से किया गया। स्वामी विवेकानंद के वचनों को बताया गया एवं सरस्वती वंदना के गीत गाए गए।

प्रथम दिवस में वालंटियर्स को उनके दिनचर्या एवं बौद्धिक परिचर्चा नशा मुक्त भारत पर की गई। व्याख्यान राजेंद्र कलिहारी ने दिया । गठित दल में ग्राम संपर्क में ग्रामवासियों के नशे की लत को समझा और नशा न करने की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर, वाणी हुमने, लोकेश निषाद एवं वॉलिंटियर्स उपस्थित थे।

### विधायक ने 66.25 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात

# रथ बनाने वाले ग्रामीणों का शॉल, श्रीफल से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आज शहरवासियों को 66.25 लाख रुपए के विकास कार्यो की सौगात देते हुए मावली माता मंदिर परिसर में शेड निर्माण एवं शहर के दो प्रमुख स्थानों पर पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मावली माता मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई जिसमें विधायक सहित महापौर संजय पांडे एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की उन्नति और सुख-समृद्धि की कामना की। वर्षों से लंबित मांग को पूरा करते हुए विधायक निधि से 10 लाख रुपए की लागत से शेड निर्माण कार्य आरंभ किया गया। इसी क्रम में शहर में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए सिरहासार के सामने 31.25 लाख तथा दामोदर पेट्रोल पंप के पीछे 25 लाख रुपए की लागत से पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया गया।

- मावली माता मंदिर में विधायक निधि से शेड निर्माण,शहर में दो पुलिया निर्माण कार्यों का शुभारंभ

मावली माता मंदिर प्रांगण में किरण देव ने कहा कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 162 देवगुड़ी,माता गुड़ी एवं मंदिरों में उन्नयन व विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। आपदा प्रबंधन मद से प्रारंभ किए गए पुलिया निर्माण कार्यों से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त होगी। महापौर संजय पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जगदलपुर में विकास नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा जनमानस की मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।

**वर्षों से लंबित मांग को विधायक ने किया पूरा,शेड निर्माण से मंदिर के पुजारी उत्साहित**






**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही,योगेन्द्र पांडे,संग्राम सिंह,सुरेश गुप्ता,लक्ष्मण झा,संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी,कलावती कसेर,पार्षद कुबेर देवांगन,आलोक अवस्थी,उर्मिला यादव, गायत्री बघेल,आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा,विद्याशरण तिवारी,पुजारी कृष्ण कुमार पाढ़ी,प्रेमानंद ठाकुर,अभय दीक्षित,योगेश शुक्ला,संतोष बाजपेयी,विक्रम सिंह ठाकुर तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

#### रथ निर्माण करने वालों की सुध ली

दशहरा महापर्व के दौरान तीन मंजिला काष्ठ का रथ निर्माण करने वाले परम्परागत कारीगरों का विधायक ने सम्मान किया। विधायक के ज्येष्ठ भ्राता कुमार जयदेव के पहल पर विधायक ने कारीगरों को शॉल, श्रीफल और फूल माला पहनाकर सम्मान किया। साथ ही मावली माता मंदिर के पुजारी एवं समाज के प्रमुखजनों का सम्मान किया गया। मंच संचालन कर रहे योगेश ठाकुर ने बताया कि विधायक के नेतृत्व में बस्तर दशहरा,गोंचा महापर्व,फागुन मंडई,भूमिगत विद्युत लाइन,चित्रकूट महोत्सव सहित कई पारंपरिक आयोजनों के लिए अतिरिक्त राशि स्वीकृत कराई गई है।

## जनजातीय गौरव दिवस पर वीर नायकों का स्मरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता यज्ञ सिंह,विभाग प्रचारक,मध्य बस्तर तथा डॉ पियूष रंजन साहू,क्षेत्रीय मानव सर्वेक्षण,भारत सरकार,बस्तर उपस्थित रहे।

- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर विशेष व्याख्यान

कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक वर्ष से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा मनाया जा रहा जनजातीय गौरव दिवस युवाओं में आदिवासी महापुरुषों के प्रति गौरव, चेतना और प्रेरणा जागृत कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जनजातीय परंपरा साहस,त्याग और संस्कृति-संरक्षण का प्रतीक रही है। महानायक अपने समाज की अस्मिता बचाने के लिए संघर्षरत रहे और इसी चेतना ने उन्हें दिव्य व्यक्तित्व बनाया।

मुख्य वक्ता यज्ञ सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा को धरती आबा कहते हुए कहा कि वही सच में जीते हैं जो दूसरों के लिए जीते हैं। उन्होंने संथाल विद्रोह, मानगढ़ की शहादत और आदिवासी समाज की एकता की शक्तितू मैं एक रक्त पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को समाज व राष्ट्रहित में समर्पण की प्रेरणा दी।

डॉ पियूष रंजन साहू ने कहा कि महानायकों के विचारों को उनके जीवनकाल में समझना अधिक आवश्यक है। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी अत्याचारों के विरुद्ध कई आंदोलनों का नेतृत्व किया, जिन्होंने जनजातीय समाज को दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज भी अनेक अनाम आदिवासी नायक हैं,जिनके योगदान पर शोध होना चाहिए,तभी जनजातीय गौरव दिवस का उद्देश्य पूर्ण होगा। डॉ सुकृता तिर्की ने स्वागत भाषण में कहा कि ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों को संघर्ष और बलिदान की वास्तविक प्रेरणा प्रदान करते हैं। डॉ सोहन मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विश्वविद्यालय के बौद्धिक वातावरण को सशक्त करते हैं। संचालन डॉ गायत्री सोनी ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक, शोधार्थी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### धरती आबा बिरसा मुंडा संघर्ष,चेतना और गर्व की प्रतीक

भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के सर्वोच्च जननायक माने जाते हैं। ब्रिटिश अत्याचारों के विरुद्ध उनके उलगुलान आंदोलन ने आदिवासी अस्मिता को नई दिशा दी। उनका जीवन समाज-सेवा, साहस और बलिदान का अनुपम उदाहरण है। वे केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि संस्कृति-संरक्षण, सामाजिक सुधार और जनजागरण के महान प्रेरणास्रोत थे। आज उनका विचार समाज और संस्कृति की रक्षा ही सच्ची स्वतंत्रता है,युवा पीढ़ी को सदैव मार्गदर्शन प्रदान करता है।

## बस्तर हाईस्कूल के शताब्दी समारोह में आज शामिल होंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बस्तर हाई स्कूल) में सोमवार को होने वाले शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। तैयारियों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने स्थल निरीक्षण कर अवलोकन किया। उन्होंने समारोह में होने वाली व्यवस्थाओं, मंच, अतिथि सत्कार तथा विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से संबंधित तैयारियों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

- विधायक ने लिया तैयारियों का जायजा



शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री समेत मंत्रीगण, सांसद, विधायक,जनप्रतिनिधि,भूतपूर्व छात्र तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। व्यवस्थाओं को भव्य बनाने सारे लोग जुटे है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल,राकेश तिवारी,प्राचार्य बी एस रामकुमार,राकेश तिवारी, अजय लुनिया, अखिलेश शुक्ला सहित अन्य पूर्व छात्र एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी की सौगात

बस्तर में तीन एकलव्य विद्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के डेडियापाड़ा में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जगदलपुर शहर के सिटी ग्राउंड में किया गया। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में तीन नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।




लगभग चार करोड़ पचास लाख की लागत से ये एक-एक विद्यालय बस्तर के दूरस्थ विकासखंड लोहांडीगुड़ा, बास्तानार और दरभा में स्थापित किए गए हैं जिनका उद्देश्य क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली, आवासीय शिक्षा प्रदान करना है।

## गौरव दिवस पर सीएम की पाती का किया वाचन...



जगदलपुर। बस्तर वन मंडल अंतर्गत समस्त वन प्रबंधन समितियों एवं स्कूली बच्चों को जनजाति गौरव दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ मुख्यमंत्री द्वारा जनता को संबोधित संदेश मुख्यमंत्री की पाती का वाचन भी किया गया।

## गौरव दिवस पर 155 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित जनजाति गौरव दिवस के एक दिवसीय कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 155 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के नेतृत्व में शिविर प्रभारी डॉ. एसएस टेकाम की उपस्थिति में डॉ. रोहित कश्यप, धर्मेंद्र देवांगन, विकास दास, मैदानी सुपरवाइजर नरेश मरकाम दिनेश पराते और प्रशांत श्रीवास्तव के साथ सुंदर मरकाम अपनी स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के साथ पूरे समय तक तैनात रहे। शिविर में 108 लोगों का बीपी की जांच की गई 80 लोगों के शुगर की जांच की गई 10 लोगों के सिकलिन की जांच की गई, चर्मरोग के 20 मरीजों को स्वास्थ्य



सुविधा दी गई। शिविर में छह आयुष्मान कार्ड और तीन वय वंदन कार्ड का भी निर्माण किया गया, जिसमें जिला नोडल आयुष्मान कार्ड पृथ्वी साहू और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी प्रभारी मीडिया अधिकारी शकील खान ने दी।

# सवा लाख स्कूली बच्चों का अपार आईडी पंजीयन 'वन-नेशन, वन-आईडी' विजन हो रहा साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केंद्र सरकार के 'न्यू एजुकेशन पॉलिसी' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन के अनुरूप बस्तर जिले ने शिक्षा के डिजिटलीकरण में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में यह कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। बस्तर जिले में समग्र शिक्षा मिशन के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जिले के कुल एक लाख 79 हजार 166 नामांकित स्कूली बच्चों में से एक लाख 36 हजार 684 स्कूली बच्चों का आधार सत्यापन पूरा हो चुका है। इस प्रक्रिया के आधार पर कलेक्टर हरिस एस की सक्रिय निगरानी में एक लाख 24 हजार 504 स्कूली बच्चों के ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आइडेंटिफिकेशन यानी अपार आईडी सफलतापूर्वक जनरेट कर लिए गए हैं। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि 91 प्रतिशत से अधिक आधार सत्यापित स्कूली बच्चे अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट डिजिटल पहचान प्राप्त कर चुके हैं।

- शिक्षा के डिजिटलीकरण में एक बड़ी उपलब्धि



अपार आईडी जिसे 'वन-नेशन, वन-आईडी' के रूप में देखा जा रहा है, छात्रों के लिए वरदान साबित होगी। यह एक डिजिटल लॉकर के रूप में कार्य करती है, जहां बच्चों के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक के सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड सुरक्षित रहते हैं। यह सुविधा छात्रों को प्रवेश या नौकरी के लिए कागजी दस्तावेजों की आवश्यकता से मुक्ति दिलाएगी। साथ ही यह प्रवेश प्रक्रियाओं को सुगम बनाती है और छात्रवृत्ति तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी।

जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे ने बताया कि कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में जिले के स्कूली बच्चों के अपार आईडी पंजीयन के लिए रोस्टर अनुरूप समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जा रहा है। शेष नामांकित बच्चों के आधार सत्यापन और अपार आईडी जनरेशन के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है और सर्व सम्बंधित विभागों के समन्वित प्रयासों को जल्द से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। इस कार्य में जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल का भी महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है, जो सतत रूप से अपार आईडी पंजीयन के लिए शिक्षा विभाग के अमले को प्रोत्साहित कर नियमित तौर पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

